**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 20.05.2025** **समय : 0705**

- **पर्यटन विभाग चौबीस और पच्चीस मई को द्वीप नारियल उत्सव–दो हजार पच्चीस का आयोजन करने जा रहा है।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पच्चीस मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार देश और विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे।**
- **अण्डमान निकोबार प्रशासन ने अंतर्द्वीपीय संपर्क बढ़ाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा में वृद्धि की घोषणा की है।**
- **मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की ओर से पच्चीस मई को रंगत में प्रथम एस. पी. जिला ओपन शतरंज टूर्नामेंट की घोषणा की गई है।**

<><><><><><>

पर्यटन विभाग ने चौबीस और पच्चीस मई को द्वीप नारियल उत्सव –दो हजार पच्चीस का आयोजन करने जा रहा है। इस सिलसिले में विभाग ने सभी प्रतिभागियों से आई टी एफ मैदान में द्वीप नारियल महोत्सव 2025 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। 'नारियल का जश्न – द्वीपों की संस्कृति, व्यंजन और शिल्प' थीम वाले इस उत्सव का उद्देश्य भोजन, शिल्प, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में नारियल के विविध उपयोगों को बढ़ावा देना हैं। इस कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला और एक विशेष क्रिएटिव किड्स ज़ोन होगा, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों को द्वीप की नारियल संस्कृति से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। 'द्वीप नारियल महोत्सव–दो हजार पच्चीस का उद्देश्य नारियल आधारित पर्यटन और आजीविका को बढ़ावा देना, भोजन, शिल्प और स्वास्थ्य में नारियल के पारंपरिक और आधुनिक उपयोगों को उजागर करना है। इस दौरान पर्यटन विभाग द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से नारियल रंगोली प्रतियोगिता और नारियल छीलने की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए फोन संख्या–9434273939 और 9474213525 में संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पर्यटन विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पच्चीस मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार देश और विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ बाईसवां एपिसोड होगा। लोग अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या – MyGov ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की तेईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में नए ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया–ओसीआई पोर्टल का शुभारंभ किया। वर्तमान कमियां दूर करने और उपयोगकर्ता अनुभव बेहतर बनाने के लिए यह पोर्टल शुरू किया गया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि पिछले एक दशक में महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और ओसीआई कार्डधारकों से प्राप्त सुझावों के बाद नया ओसीआई पोर्टल विकसित किया गया है।

<><><><><><>

केंन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि डिजिटल सार्वजनिक खरीद प्लेटफॉर्म– **जेम** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 की परिकल्पना का प्रमुख वाहक बन गया है। श्री गोयल ने कहा है कि जेम ने प्रवेश संबंधी बाधाओं को दूर किया है, भ्रष्टाचार को समाप्त किया है, विशेषकर छोटे कस्बों में हाशिए पर आये लोगों के सशक्तिकरण और उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही इससे आयकर दाताओं की बड़े पैमाने पर बचत भी संभव हो पाई है।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन ने अंतर्द्वीपीय संपर्क बढ़ाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा में वृद्धि की घोषणा की है। अंतर्द्वीपीय यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए प्रशासन ने हेलीकॉप्टर के परिचालन कार्यक्रम को संशोधित किया है। संशोधित परिचालन कार्यक्रम के अनुसार पी एच एल हेलीकॉप्टर सप्ताह में छह दिन कार–निकोबार के माध्यम से कैम्पबेल–बे और नानकौड़ी के लिए उड़ान भरेगा। सप्ताह में छह दिन कार–निकोबार के लिए सीधी उड़ान भरेगा, सप्ताह में छह बार हटबे के लिए उड़ान भरेगा। सप्ताह में तीन बार स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप और रंगत के लिए यात्रा करेगा। मायाबंदर और डिगलीपुर के लिए सप्ताह में छह उड़ाने संचालित होंगी। इसके

अलावा हर सोमवार और शुक्रवार को कार–निकोबार के माध्यम से कैम्पबेल–बे के लिए आई ए एफ डॉर्नियर विमान सप्ताह में दो उड़ान भरेगा। संशोधित परिचालन कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा, आपात स्थितियों और सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण पहल है। पवन हंस हेलीकॉप्टरों की संशोधित सेवाएं पच्चीस मई से लागू होगी।

<><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने टेलीकॉम कंपनियों वोडाफोन–आइडिया और भारती एयरटेल की याचिकाओं को खारिज कर दिया है। याचिका में उनके समायोजित सकल राजस्व– ए जी आर बकाया से संबंधित ब्याज, जुर्माना और जुर्माना घटकों पर ब्याज का भुगतान करने से छूट मांगी गई थी। यह वह राशि है, जो दूरसंचार विभाग द्वारा दूरसंचार ऑपरेटरों से स्पेक्ट्रम उपयोग और लाइसेंस शुल्क के भुगतान के लिए ली जाती है। न्यायालय ने याचिकाओं को "गलत तरीके से तैयार" बताया।

<><><><><><>

शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए डीब्रेट में डिप्लोमा इंजीनियरिंग और डिग्री इंजीनियरिंग कार्यक्रमों तथा डिगलीपुर में सरकारी पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार पच्चीस मई तक कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान से सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की ओर से पच्चीस मई को रंगत में प्रथम एसपी जिला ओपन शतरंज टूर्नामेंट की घोषणा की गई है। अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से आयोजित होने वाला इस टूर्नामेंट का उद्देश्य शतरंज के खेल में रुचि पैदा करना है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। हालांकि, सभी खिलाड़ियों को वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के साथ पंजीकृत होना चाहिए। प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि तेईस मई शाम पांच बजे तक है। इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में सिविल, मैकेनिकल, ई सी ई और एच एम में लैब तकनीशियन और प्रशिक्षक के पद के लिए लिखित परीक्षा में शामिल पात्र उम्मीदवारों की अंतिम उत्तर–पुस्तिका आज नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा प्रशासन की भर्ती पोर्टल पर भी इसे अपलोड कर दिया जाएगा। लैब तकनीशियन–एच एम के लिए दावे तथा आपत्तियां अब आज शाम पांच बजे तक संस्थान के ई–मेल पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

कृषि विभाग द्वारा नानकौड़ी क्षेत्र के जनजातिय किसानो को निःशुल्क सब्जी बीज मिनी–किट वितरित करने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। **डेली टेलीग्राम्स** ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–दो हजार पच्चीस के नामांकन की अंतिम तिथि इक्कतीस जुलाई निर्धारित करने के समाचार को पहले पन्ने में जगह मिली है। सरकार द्वारा परमाणु उर्जा क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले कानूनो में संशोधन पर विचार कर रही है–इस खबर को **इंफो इंडिया** ने पहले पन्ने के मध्य में प्रकाशित किया है। क्षेत्रीय कृषि कार्यालय ने भूकंप और आग से बचाव के लिए मॉकड्रिल के आयोजन करने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने भीतर के पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने आटों के अध्यक्ष के श्रीलंका फैम यात्रा में भाग लेने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है।

<><><><><><>